## ट्रक और कंटेनर में जोरदार टक्कर, दोनों के हेल्पर घायल



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ट्रक और कंटेनर में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के हेल्पर घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। हादसा बुधवार सुबह 4 बजे एनएच 44 केंद्रीय विद्यालय तिराहे के पास हुआ है।

बताया गया कि ट्रक दिल्ली से नागपुर जा रहा था। वहीं कंटेनर सीमेंट लेकर नर्मदापुरम जा रहा था। एमएससी कंपनी का ट्रक (आरजे 11 जीसी 2055) रास्ता भटकने के कारण ट्रक गलत दिशा में एनएच 44 पर आ गया।

मैहर से नर्मदापुरम जा रहे कंटेनर (एमपी 19 एचए 5069) के चालक श्रवण पांडे ने बताया कि वह सही दिशा में था। अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

श्रवण पांडे ने बताया कि हादसे के समय क्लीनर ने उन्हें खींचकर बचा लिया। इससे उनकी जान बच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारी वाहनों से दुर्घटना रोकने ट्रांसपोटर्स एवं वाहन चालकों को दिया प्रशिक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।

इसी तारतम्य में फ्लाई ऐश एवं अन्य भारी वाहन से गंभीर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विगत मंगलवार को एनटीपीसी में पुलिस एवं एनटीपीसी प्रबंधन के द्वारा फ्लाई ऐश परिवहन में संलग्न भारी वाहन के चालकों एवं ट्रांसपोटर्स को यातायात तथा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गय। तेजगति एवं नशा करके वाहन चलाते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। एनटीपीसी प्रबंधन को फ्लाई ऐश के भारी डम्पर चालक हाईवे तथा गाडरवारा नगर के आसपास खड़े नहीं करने के संबंध में अवगत कराया गया।

यातायात पुलिस द्वारा बायपास एवं आजाद ढाबा के आस-पास खड़े 06 भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। भविष्य में भी हाईवे तथा नगर के आसपास अनावश्यक भारी वाहन की पार्किंग पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की जावेगी।

## बेटियों के विवाह की चिंता से माता-पिता मुक्त



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से बेटियों के माता- पिता की चिंता खत्म हुई है। क्योंकि मुख्यमंत्री विवाह योजना के माध्यम से बेटियों की शादी में अब सीधे राशि उनके खातों में हस्तांतरित की जाने लगी है। आज इतनी शादियों में हजारों की संख्या में घराती और बाराती इकट्ठे हुए हैं और कार्यक्रम को भव्य बनाया गया है। उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सुखमय जीवन की कामना की।

गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र नागेश ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के माध्यम से हमारी गरीब- मध्यम वर्ग की बेटियों की शादी की जा रही है, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं हजारों की संख्या में एक ही पंडाल के नीचे घराती- बाराती उपस्थित है। सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएँ। अतिथियों ने फूल माला पहनाकर नवविवाहित जोड़ों का स्वागत कर आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सरदार सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, नगर पालिका करेली अध्यक्ष पूनम ठाकुर, जनपद अध्यक्ष आरती पटेल, महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी, अंजनी सोनी, अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, कलेक्टर शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नवविवाहित जोड़े और बड़ी संख्या में घराती-बाराती और नागरिक मौजूद थे।

### सार-समाचार

## मारपीट करने वाले पिता-पुत्र को छह माह की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धमेन्द्र नागवंशी के न्यायालय द्वारा आरोपीगण दशरथ जाटव आत्मज धनीराम जाटव, उम्र-50 वर्ष एवं राजकुमार जाटव आत्मज दशरथ जाटव, उम्र-24 वर्ष दोनो निवासी-ग्राम मोहद, चौकी आमगांव, थाना करेली, दोनों को क्रमश: पृथक पृथक से भारतीय दंड संहिता की धारा 324/34 में 6 माह का कारावास एवं 100/-रूपये का अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## समृद्धि का सुयश



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** चावरा विद्यापीठ की छात्रा समृद्धि नेमा ने सी.बी.एस.ई दसवी बोर्ड में 94.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय, परिवार वा समाज का नाम रोशन किया। वे प्रतिष्ठित अनाज व्यपारी राकेश कुमार नेमा एवं शिक्षिका श्रीमती सुषमा नेमा की पुत्री हैं। छात्रा को विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतको ने बधाई दी है।

## रायपुर में श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन संपन्न

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर के शासकीय उ मा विद्यालय के सामने भारत माता की मूर्तिपूजन एवं स्थापना के तत्वाधान मे आयोजित श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन का विगत दिवस समापन हो गया। यज्ञ के अन्तिम दिन पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ में विधिवत पूजन अर्चना उपरांत भारत माता की मूर्ति विद्यालय में स्थापित की गई। इस अवसर पर गुरुदेव राजीव लोचनदास महाराज ने कहा कि हमें परिवार में बड़े बुजुर्गों एवं माता पिता का हमेशा सम्मान करना चाहिए क्योंकि वे परिवार के वट वृक्ष है। प्रवचन कार्यक्रम में वीरेन्द्र शास्त्री %मानस पपीहा संत बरहटा ने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम है उनके व्यक्तित्व से मौजूदा पीढ़ी क़ो सीखने की जरूरत है। साध्वी सुश्री प्रभा भारती वृंदावनधाम ने कहा कि जीवन में दृढ निश्चय से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। शक्तिधाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज ने प्रवचन में कहा कि रामकथा सुनने से हम बहुत से विचारों क़ो आत्मसात कर सकते है। यज्ञ के आयोजन में समस्त सहयोगीजन, भक्तजन, संपूर्ण अंचल के शिष्यगण, गुरुकुलम् चाँदनखेडा सहित अन्य की भूमिका सराहनीय रही।

## धानक समाज द्वारा किया जायेगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस माँ विजयासन दरबार में धानक समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन समिति की बैठक सुनील धानक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रतिभा सम्मान आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में आयोजन दिनांक 15 जून को पीजी कालेज ऑडिटोरियम में होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त आयोजन में कक्षा 10वी, 12वी, आईटीआई स्नातक, स्नातकोत्तर के अलावा अन्य विषय से पढ़ाई कर सफल हुए एवं धानक समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन की अंतिम बैठक दिनांक 1 जून को आयोजित की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री का आगमन कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत शुक्रवार 16 मई को नरसिंहपुर आयेंगे। वे यहां जिला योजना समिति की बैठक में और ग्राम सिमरिया- बरखेड़ा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभार मंत्री श्री राजपूत शुक्रवार 16 मई को प्रात: 11.30 बजे निज निवास सागर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर आयेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होंगे। तदुपरांत अपरान्ह 4 बजे जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान कर सायं 4.15 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे यहां से प्रस्थान कर सायं 5.30 बजे विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम सिमरिया- बरखेड़ा में आयोजित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री राजपूत शाम 6 बजे सागर के लिये प्रस्थान करेंगे।



## दो संचालकों पर कार्रवाई, डीजे जब्त



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगरवासी एक लंबे समय से अवैध रूप से तेज आवाज में संचालित हो रहे डीजे संचालकों पर कार्यवाही की राह देख रहे थे। परंतु पुलिस ने विगत रात कुछ डीजे संचालकों पर कार्यवाही कर लोगों को राहत जरूर प्रदान की है।

बताया जाता है कि स्थानीय वृंदावन गार्डन के सामने आम रोड पर पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 38 जी 0782 जिसमें लगे डीजे के माध्यम से अत्यधिक तेज आवाज में संगीत बज रहे थे। जिस पर पुलिस ने डीजे संचालक दिनेश कौरव उम्र 30 साल निवासी दिधौरी तथा वाहन चालक जालम सिंह कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी ढुरशुरू के विरुद्ध कार्यवाही कर वाहन सहित डीजे सिस्टम जप्त किया है।

इसी प्रकार स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के सामने पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 2475 जिसमें लगे डीजे के माध्यम से अत्यधिक तेज आवाज में संगीत बज रहे थे। जिस पर पुलिस ने डीजे संचालक शिवम कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा तथा चालक आसिफ खान उम्र 34 साल निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा विरुद्ध कार्यवाही कर वाहन सहित डीजे सिस्टम जप्त किया है।

पृथक पृथक कायम किए गए उक्त दोनों प्रकरणों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 तथा मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्यवाही की गई है।

## कृषि उपज मंडी गाडरवारा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश संतोषी वासनिक के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी गाडरवारा में कानूनी साक्षरता अभियान मानव तस्करी, बाल श्रम बंधुआ मजदूरी, श्रमिक अधिकार के उपलक्ष्य पर सूरज सिंह राठौड, चतुर्थ जिला न्यायाधीश की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे न्यायाधीश सूरज सिंह राठौड ने उपस्थित मजदूरो को श्रम दिवस के महत्व को बताते हुये कहा कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान और न्याय मिलना चाहिये, साथ ही न्यायाधीश महोदय द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 कारखाना अधिनियम, संविदा श्रम अधिनियम एवं महिला श्रमिकों के अधिकारों संबंधी विधिक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित मजदूरो को नगरपालिका परिषद में कर्मकार मंडल मजदूरी फार्म ऑनलाईन एवं ऑफलाइन भरने एवं इसका लाभ लेने के लिये उपस्थित समस्त मजदूरों से अपील की गई। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा समिति द्वारा संचालित योजनाओं जैसे, विधिक सहायता योजना, विधिक सलाह योजना, पैनल अधिवक्ता योजना, पीडित प्रतिकर योजनाओं की जानकारी दी गई ।

कार्यक्रम में उपस्थित मंडी सचिव रामसेवक गुमास्ता द्वारा आभार व्यक्त किया गया । उक्त शिविर में कृषि मंडी से मंडी निरीक्षक भाईजी कौर, मंडी उपनिरीक्षक रज्जू तिवारी भारती सराठे, किसान, मजदूर, कर्मचारीगण एवं शिखा सोनी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स शेख रहीम, की उपस्थिति रही।

## गीता स्वाध्याय से आते है सकारात्मक परिवर्तन




### तीन दिवसीय गीता वार्षिक अभ्यास वर्ग का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** समीपी ग्राम चिनकी(उमरिया) में श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान नरसिंहपुर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ चिनकी तीन दिवसीय गीता स्वाध्याय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। प्रात: कालीन सत्र में गायत्री शक्तिपीठ से आचार्य सुदीपजी द्वारा मानव जीवन में योग का महत्व, योग करते समय हमें कौन-कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए एवं योगाभ्यास के बाद साधकों ने नर्मदा स्नान एवं गायत्री यज्ञ का पुण्य लाभ अर्जित किया। तीन दिवसीय कार्यशाला में गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान के संचालक शशिकांत मिश्रा द्वारा शाखा के सत्र का संचालन एवं यमुना विश्वकर्मा द्वारा खेल गतिविधियों का संचालन किया।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पूजनीय संत महंत बालक दास जी गाडरवारा, शारदा आश्रम हाथिया घाट से संतजी एवं संत अवध बिहारी की उपस्थित में किया गया। महंत बालक दास ने अभ्यास वर्ग की उपयोगिता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने में इन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है ।उन्होंने गौ,गंगा, के संरक्षण संवर्धन पर विशेष बल देने की बात कही। गीता किस तरह से मानव जीवन का मार्गदर्शन करती है इस पर अपने विचार रखे।

शारदा आश्रम से पधारे महाराज द्वारा गौ माता के संरक्षण संवर्धन एवं गौ उत्पाद मनुष्य के जीवन और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, इस पर अपनी विचारों को रखा। मंच संचालन सत्यम नेमा ने किया। इस सत्र में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों भोपाल, सिवनी, खंडवा, जबलपुर एवं नरसिंहपुर से पधारे हुए साधकों का परिचय नाम, काम ,धाम एवं गीता निकुंज परिवार में जुड़ने से उनके व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आया है, इस पर चर्चा की गई। इसके पश्चात् गीता स्वाध्याय सत्र का आयोजन किया गया।

स्वाध्याय में गीता के बारहवें अध्याय के श्लोको का गायन एवं शुद्ध उच्चारण वाचन जयनारायण शर्मा और अशोक नेमा द्वारा करवाया गया । चतुर्थ अध्याय के 35 वे श्लोक की विस्तृत व्याख्या गुरुजी शशिकांत मिश्रा द्वारा की गई और बताया गया कि गीता के वास्तविक अर्थ को समझना गीता का एक भी श्लोक या कोई एक भी बातें भी आचरण में लाए तो अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन कर सकते हैं । जिस तरह प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से देती है इस तरह मानव होने के नाते हम भी देना सीखे। प्रश्नोत्तरी एवं पुरस्कार वितरण कर इस सत्र का समापन किया गया।ज्योतिषी का मानव जीवन में महत्व पर व्याख्यान प्रमोद कुमार सक्सेना द्वारा एवं अल्पविराम परिचय कार्यक्रम सत्र का संचालन सत्यम नेमा एवं धर्मेंद्र चंदेल द्वारा किया गया। सांध्य सत्र में सांस्कृतिक संध्या एवं अनौपचारिक वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे गीत, कविता, नृत्य नाटक प्रस्तुत किए गए।

समापन सत्र का आयोजन पूजनीय संत अमृतानंद जी,संत ब्रजनंदन की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। जिसमें उपस्थित साधकों से अभ्यास वर्ग का अनुभव, सद्गुणों का संकल्प, दुर्गुणों की दक्षिणा के साथ जीवन के लक्ष्य पर सभी साधकों ने अपने विचार रखें । समापन में सभी साधकों को श्री गीता के बैग,गीता जी,टोपी उपहार के रूप में देवेंद्र पटेल, त्रिवेणी पटेल ,धर्मेंद्र चंदेल एवं जय नारायण शर्मा द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जय नारायण शर्मा द्वारा किया गया।

## रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन स्वर्गीय मोनू भैया की स्मृति में रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट होगा। आयोजन समिति ने बताया कि आज 15 मई को रात्रि 8 बजे से स्टेडियम ग्राउंड में उद्घाटन मैच खेला जायेगा। टूर्नामेंट का पहला मैच एमएफसी एवं सनसाइन क्रिकेट क्लब के बीच खेला जायेगा। आयोजन समिति ने टूर्नामेंट में सभी से सहभागिता की अपील की है।


### नाम सुधार सूचना

मैं प्रदीप लोधी पिता श्री यशवंत सिंह लोधी ग्राम खापा पोस्ट धमना तहसील व जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं। मेरे पुत्र निधान सिंह लोधी का जन्म दि. 28.11.2018 में अग्रवाल हॉस्पिटल नरसिंहपुर में हुआ था। पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम निधान उर्फ विहान्त लोधी दर्ज है जिसके स्थान पर निधान सिंह लोधी दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम निधान सिंह लोधी दर्ज किया जाये जिसके समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

प्रदीप लोधी

### नाम सुधार सूचना

मैं विनय कुमार अवधिया पिता स्वर्गीय श्री गोविंद प्रसाद अवधिया कामथ वार्ड यादव कालोनी कंदेली नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं। मेरे पुत्र वेंकटेश अवधिया का जन्म दि. 23.05.2009 में कामायनी नरसिंग होम में हुआ था। पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम विनमृ उर्फ वेंकटेश अवधिया दर्ज है जिसके स्थान पर वेंकटेश अवधिया दर्ज करवाना चाहता हूं। एवं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में वेंकटेश अवधिया दर्ज कर डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे। इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

विनय कुमार अवधिया

### नाम सुधार सूचना

मैं प्रभा बाई साहू पति श्री सत्यनारायण साहू, निवासी वायपास रोड, ग्रीन पार्क ढाबा के सामने नकटुआ तहसील व जिला नरसिंहपुर मप्र की स्थाई निवासी हूं। मेरा नाम पेंशन रिकार्ड में प्रभा बाई दर्ज है, जो कि अपूर्ण नाम है। वास्तविकता में मेरा पूरा नाम प्रभा बाई साहू है। मेरा नाम अन्य दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक आदि में प्रभा बाई साहू दर्ज है। इसलिए पेंशन रिकार्ड में भी मेरा नाम प्रभा बाई के स्थान पर प्रभा बाई साहू दर्ज किया जाए। मैंने इस संबंध में जो शपथ पत्र दिया है वह सही है।

प्रभा बाई साहू


## पोर्टल को अपडेट करने बैठक आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ए आई तकनीक आधारित तैयार नवीनतम पोर्टल को अपडेट करने की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे ने समस्त संकुल प्राचार्यो की बैठक आहूत की। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिशेष शिक्षकों से सम्बंधित समस्त शिक्षकों की परेशानियों को सुनते समझते हुए उनके अभ्यावेदन बुलवाकर उचित कार्यवाही संपादित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिक आई डी सम्बंधित विसंगतियों, उच्च पद प्रभार अंतर्गत आदेशों को ऑनलाइन किया जाना, विषय परिवर्तन संबंधी जानकारी अपडेट करना, उर्दू शिक्षक एवं बी आर सी, बीएसी, जनशिक्षक के नाम की जानकारी के साथ साथ ट्रांसफर होकर आए शिक्षकों का उल्लेख 3.0 पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित करवाएं। इस अवसर पर पूर्व बीईओ प्रतुल इंदुरख्या ने भी बैठक में विचार व्यक्त किये।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

